केनाल रोड निर्माण का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 04 अंतर्गत 7 वार्डों के करीब डेढ़ लाख लोगों के सुगम आवागमन हेतु बनाए जा रहे केनाल रोड निर्माण अब पूर्णतः की ओर है। निगम क्षेत्र में बन रहे सड़क सं ुदरता व तकनीकी गुणवत्ता के साथ बनाया जा रहा है , केनाल रोड निर्माण का निरीक्षण करने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी खुर्सीपार पहुंचे और रोड के प्रारंभ से अंत तक किए जा रहे कार्यो का जायजा लेते हुए सड़क किनारे संकरी नाली को तोड़कर चैड़ीकरण करने के निर्देश दिए ताकि पानी का बहाव में बाधा न आए। रोड में रात्रि म ें रोशनी के लिए स्ट्रीट लाईट लगाया जाना है इससे संबंधित कार्य को प्रारंभ करने उपस्थित अभियंता को निर्देश दिए।

भिलाई निगम क्षेत्र में बन रहे केनाल रोड खुर्सीपार क्षेत्र के नागरिकों के आवागन के लिए लाइफ लाइन मानी जाने वाली सड़क निर्माण लगभग पूर्णतः की ओर है, आधे से ज्यादा दूरी तक सड़क का डामरीकरण हो चुका है, जिसका जायजा लेने निगम आयुक्त श्री रघुंवशी केनाल रोड के शुरूआत से नंदीनी रोड में मिलने वाले अंतिम छोर तक करीब 3 किलोमीटर निर्माण कार्य का निरीक्षण किए। इस दौरान आयुक्त ने बन रहे सड़क के दोनो किनारे बने नाली की चैड़ाई व पानी निकासी की जानकारी जोन 04 के अधिकारियों से लिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा चंद्रशेखर आजाद नगर से देना बैंक के पास तक सोनिया गांधी पुलिया से आकर मिलने वाली नाली से होते हुए आने वाली पानी निकासी के तकनीकी समस्या से जानकारी दी गई जिस पर उन्होंने नाली निर्माण को देख रहे अभियंता पर नाराजगी जाहिर करते हुए नाली बना रहे एजेंसी को हटाकर सड़क से लगे हुए संकरी नाली को तोड़कर सड़क के बराबर और पर्याप्त चैड़ाई के साथ नाली बनाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश व सड़क का पानी बिना कोई बाधा के निकल सके। इस दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , ईई संजय बागडे , एआरओ बालकृष्ण नायडू , जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डेय सहित जोन 04 के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। भिलाई निगम क्षेत्रांगर्त बन रहे केनाल रोड की लंबाई 3 किमी है, यह रोड निगम क्षेत्र के 7 वार्डों से होकर नंदिनी रोड में मिलेगा। इससे वार्डों के करीब डेढ़ लाख लोगों को आवागमन हेतु बेहतर सुविधा मिलेगी। नेशनल हाइवे की भीड़ से निजात मिलने के साथ साफ सुथरी, सुंदर और चैड़ी सड़क निगम क्षेत्र के रहवासियों के लिए वरदान साबित होगी। टाउनशिप से आने वालों को सीधा ओव्हर ब्रिज होते हुए डबरापारा चैक होते हुए भिलाई - 3 एवं हथखोज जाने के लिए केनाल रोड बेहतर माध्यम होगा। केनाल रोड किनारे हराभरा वातावरण के साथ रात्रि में आने जाने वालों के लिए डिवाइडर के बीच पर्याप्त रोशनी होगी , किनारे पर टहलने के लिए कलरफूल

टाईल्सयुक्त फुटपाथ मिलेगा। 3 किमी लंबी बनने वाली यह रोड वार्ड 31 दुर्गा मंदिर, वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार, वार्ड 33, वार्ड 34, वार्ड 35 वार्ड 36, वार्ड 37 होते हुए नंदिनी रोड से जुडेगा। रोड की चैड़ाई 25-25 फीट है जिससे वाहनों के आवागमन में पर्याप्त स्थान मिलेगा।